हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 33 .6 डिग्री
न्यूनतम 24 .2 डिग्री

12 शिक्षा और एकजुटता से ही समाज की प्रगति संभव



12 हकृवि में मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण संपन्न



## खबर संक्षेप

### सेल्समैन हत्या मामले में दो और गिरफ्तार

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने बालसमंद शराब ठेका सेल्समैन ओमप्रकाश हत्या प्रकरण में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बालसमंद निवासी रवींद्र और महलसरा निवासी विनोद कुमार के रूप में हुई है। स्पेशल स्टाफ इंचार्ज इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी इस हत्याकांड में सीधे तौर पर शामिल थे। गिरफ्तार रविन्द्र व विनोद को पूछताछ के लिए अदालत में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### पशु चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ टीम ने पंचायती झोटा (भैंसा) चोरी के मामले में उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर निवासी मोहम्मद मनसाद को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मंगाली पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव डाया और मंगाली से पंचायती झोटा (भैंसा) चोरी होने की शिकायत मिली। शिकायत में गांव डाया के सरपंच ने बताया कि 12 मार्च को पंचायती झोटा गांव से गायब पाया गया। सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट हुआ कि 11-12 मार्च की रात अज्ञात चोर पिकअप गाड़ी में झोटा चोरी कर ले गए।

### आज दो घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**आदमपुर।** आदमपुर 132 केवी सबस्टेशन के अंतर्गत आने वाले 33 केवी मोडाखेड़ा बिजली घर के अंतर्गत आने वाले गांवों की बिजली आपूर्ति सोमवार आठ सितंबर को सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक बाधित रहेगी। इंचार्ज भीम सिंह ने बताया कि आवश्यक मरम्मत कार्य व साफ-सफाई के चलते 33 केवी मोडाखेड़ा बिजली घर के अंतर्गत आने वाले गांवों की बिजली आपुर्ति सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक बाधित रहेगी।

### बालाजी व बाबा श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**आदमपुर।** श्रीखाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति की ओर से पूर्णिमा पर 91वीं धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमें। शुभारंभ समिति के अध्यक्ष अमित गोयल ने बाबा की ध्वजा के साथ किया। भजन गायकारों ने एक से बढक्रर एक भजन सुनाकर सबको झूमने पर विवश कर दिया।

### भव्य बिश्नोई आज बांटेंगे करोड़ों के चेक

**आदमपुर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई 8 एवं 9 सितंबर को हलके में अनेक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। पार्टी नेता विक्रांत देवीलाल बिश्नोई ने बताया कि भव्य बिश्नोई 8 सितंबर को गांव डोभी, मंडी आदमपुर एवं कालीरावण में आसपास के गांवों के गौशालाओं के प्रतिनिधियों को करोड़ों रूपए के चैक वितरित करेंगे। गांव बुड़ाक में राजीव दीक्षित गुरूकुल में आरोग्य केन्द्र के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे।

## हिसार-राजगढ़ पर गंगवा बाइपास पर पहुंचा पानी, सड़क पर जलभराव

### हिसार-घग्गर मल्टीपर्पज ड्रेन फिर से टूटी, राणा माइनर में दो जगह कटाव

# मानसून की अत्याधिक बारिश और जलभराव बरपा रहा कहर, फसलें जलमग्न, कई गांवों में लोग बेघर

### गंगवा गांव की कई कॉलोनियों और रामगढ़ बस्ती में घुसा ड्रेन का पानी

- ग्रामीण, मनरेगा मजदूर ड्रेन पाटने के लिए मौके पर पहुंचे
- लाखों एकड़ में फसलें जलमग्न कई गांवों में लोग बेघर हो चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार






हिसार। गंगवा बाइपास पर हिसार-राजगढ़ हाइवे पर पहुंचा ड्रेन का पानी व जेएलएफ सेक्टर 3 फार्म के पास राणा माइनर में आई दरार को पाटने में लगे कर्मचारी व ग्रामीण।

चालू सीजन में मानसून की अत्याधिक बारिश और जलभराव कहर बरपा रहा है। पिछले दस दिनों से लगातार बारिश का दौर जारी है। जिले में तकरीबन सभी नहरें तथा ड्रेन उफान पर है। जिले के सभी गांवों में जलभराव के कारण बाढ़ जैसे स्थिति बन गई है। लाखों एकड़ में फसलें जलमग्न और कई गांवों में लोग बेघर हो चुके हैं। जिले के गांव लितानी, बिठमड़ा, सुलखनी, मिर्जापुर, सरसौद, चानौत, सिंघवा, घिराय, हसनगढ़, डाटा, गुराना समेत दर्जनों गांवों में हालात बेहद खराब है।

रविवार की दोपहर को हिसार-घग्गर मल्टीपर्पज ड्रेन फिर से टूट गई। सूचना मिलने पर ग्रामीण, मनरेगा मजदूर ड्रेन को पाटने के लिए मौके पर पहुंच चुके हैं। इससे पूर्व तीन दिन तक इसी ड्रेन के टूटे रहने के कारण हुआ जलभराव गंगवा खेतों से होते हुए रविवार सुबह हिसार-राजगढ़ बाइपास पर पहुंच गया। यह पानी सड़क को पार करते हुए गांव गंगवा की कॉलोनियों और रामगढ़ बस्ती में जाने लगा। सूचना मिलने पर नलवा विधायक रणधीर पनिहार मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उधर, शनिवार को राणा माइनर दो जगह से टूट गई। जीएलएफ फार्म में करीब राणा माइनर 50 फुट का टुकड़ा टूट गया, वहीं एयरपोर्ट से तलवंडी राणा की तरफ से पुलिया के पास राणा माइनर का 20 फुट टुकड़ा टूट गया है और आसपास के एरिया में तेजी से जलभराव शुरू हो गया। दोनों स्थानों पर आई दरारों को पाटने का काम तेजी से शुरू कर दिया गया। माइनर में बहाव तेज होने के कारण कटाव रोकने भी बड़ी दिक्कत आई। तलवंडी राणा पुलिया के पास माइनर टूटने से पानी एयरपोर्ट की बाउंड्री की तरफ बढ़ने लगा। मौके पर जेसीबी पहुंची थी मगर वह बहाव को देखकर वापस चली गई। उधर, सिंचाई विभाग के जेई सचिन बूरा ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गए थे। मशीन से टूटी नहर को बंद करने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा था।

**कार्य युद्ध स्तर पर जारी**

### राजली के 800 घरों में घुसा पानी

*करीब एक सप्ताह से भी ज्यादा समय से जलभराव की समस्या झेल रहे गांव राजली के ग्रामीणों ने रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और समस्या का स्थाई समाधान करवाने की मांग की। गांव की सरपंच सुनीता देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा है। इस दौरान एडवोकेट नवीन राजली और पुरूषोतम चंद्र भी उपस्थित थे। गांव की सरपंच सुनीता देवी ने बताया कि राजली गांव में आसपास के सात-आठ गांवों का पानी एकत्रित हो गया है जिससे गांव के करीब 800 घरों में पानी घुस गया है। इसके कारण गांव में लगातार मकान गिर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पंघाल गांव से राजली, राजली से खेदड़, राजली से सरसौद सड़कों के नीचे होने व हिसार-लुधियाना रेलवे लाइन के नीचे से पानी की निकासी का कोई उचित प्रबंध नहीं है जिसके कारण गांव में यह समस्या बड़ी बनी हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रशासन को तुरंत प्रभाव से निर्देश दें कि इन सड़कों व रेलवे लाइन के नीचे आरसीसी पाइप लगकवाकर पानी की निकासी का स्थाई प्रबंध किया जाए।*



तलवंडी राणा पुलिया के पास टूटी राणा माइनर



गांव गंगवा के पास कॉलोनी में जलभराव

### सुलखनी-घिराय मार्ग रोका

## बरसाती पानी निकासी को लेकर हुए विवाद के चलते ग्रामीणों ने लगाया सड़क पर जाम

- पुलिस व पंचायती हस्तक्षेप से मामला शांत होने के बाद ग्रामीणों ने खोला जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला



बरवाला। सुलखनी-घिराय रोड को जाम करते गांव सुलखनी के ग्रामीण।

गांव सुलखनी और घिराय में बरसाती पानी की निकासी को लेकर ग्रामीणों के बीच विवाद की स्थिति पैदा हो गई। गांव सुलखनी के ग्रामीणों ने अपने मकानों में घुस रहे बरसाती पानी से बचाव के लिए सुलखनी-घिराय रोड पर बनी पुलिया खोल दी, जिससे पानी गांव घिराय की ओर बहने लगा।

इस पर गांव घिराय के किसानों ने विरोध जताते हुए मौके पर पहुंचकर आपत्ति की। यह पानी उनके खेतों में जाकर फसलों को नुकसान पहुंचा सकता था। दोनों गांवों के ग्रामीणों के बीच बहसबाजी और तकरार बढ़ी तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इस दौरान गांव सुलखनी के ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए सुलखनी-घिराय रोड को जाम कर दिया। दोनों और वाहनों की कतारे लग गई। रोड जाम होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाया। पुलिस प्रशासन ने दोनों गांवों के पंचायती व गणमान्य लोगों को बुलाकर बातचीत करवाई। गत कई दिनों से लगातार हुई मूसलाधार बारिश से गांव सुलखनी की बाहरी बस्तियों में जलभराव की स्थिति बन गई थी।

### बरसात से मकान की छत गिरी, दबने से युवक घायल

शहर के वार्ड 18 में बरसात के चलते एक मकान की छत गिरने से 17 वर्षीय युवक प्रिंस दबकर घायल हो गया। उसे अग्रोहा मेडिकल में भर्ती करवाया गया है। पीड़ित बलवंत ने बताया कि पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश का पानी छत और दीवारों में भर गया था। इसी कारण मकान की दीवारों में दरारें आने लगी थीं। देर रात प्रिंस कमरे में बैठा हुआ था कि अचानक छत गिर गई। छत गिरने से प्रिंस मलबे के नीचे दब गया। आसपास के लोगों ने तुरंत उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। बलवंत सिंह ने बताया कि हादसे में उनका घरेलू सामान भी पूरी तरह मलबे के नीचे दबकर नष्ट हो गया।

## सीएम सैनी ने किया जल प्रभावित गांवों का दौरा, अधिकारियों से लिया अपडेट

### *सरकारी स्तर पर सहायता में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी : नायब सैनी*

- प्राकृतिक आपदा से फसलों, मकानों व मवेशियों को नुकसान पहुंचा, सरकार पीड़ितों की सहायता के प्रयास कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। जलभराव से प्रभावित लोगों से मिलते सीएम नायब सैनी, साथ हैं कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा व अन्य।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को जिले के जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करके जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से स्थिति बारे अपडेट लिया और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उकलाना क्षेत्र के गांव बिठमड़ा से अपना दौरा शुरू किया। इससे पहले उन्होंने फतेहाबाद जिले के गांवों का दौरा करके जायजा लिया।

बिठमड़ा में मुख्यमंत्री के आने की सूचना से ग्रामीण पहले ही एकत्रित हो गए थे। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को देखकर काफिला रूकवाया और उनसे बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से फसलों, मकानों व मवेशियों को नुकसान पहुंचा है, उन्हें पूरी जानकारी है और सरकार पीड़ित जनता की सहायता के हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर सहायता में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपने दौरे के दौरान हिसार जिले के सरसौद भी ग्रामीणों से बात की। उन्होंने माइयड़ गांव में काफिला रुकवाकर ग्रामीणों से बात की। उन्होंने जल भराव से संबंधित जानकारी लेते हुए उपायुक्त को क्षेत्र में ड्रेन के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात मुख्यमंत्री हांसी की जाट धर्मशाला के पास पहुंचे और जल निकासी के प्रबंधों का निरीक्षण किया।



### भारी बारिश व ओवरफ्लो ड्रेन के कारण ग्रामवासी झेल रहे भारी विपदा : विधायक चंद्रप्रकाश

*हिसार। आदमपुर से कांग्रेस विधायक चंद्रप्रकाश ने गांवों में जलभराव की स्थिति का जायजा लेने के लिए विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने गांव आर्यनगर, बालसमंद, बांडाहेड़ी, डोभी, मोडाखेड़ा, दड़ौली, चुली कलां, चुली खुर्द व चुली बागडियान में पहुंचकर ग्रामवासियों से मुलाकात की और भारी बारिश व ओवरफ्लो ड्रेन के कारण बर्बाद हुई फसलों का मुआयना किया। ग्रामीणों ने विधायक के सामने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि हजारों एकड़ खेत कई दिनों से जलमग्न हैं और बहुत से मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पशुओं की हालत भी खराब है। चंद्रप्रकाश ने कहा कि भारी बारिश व ओवरफ्लो ड्रेन के कारण ग्रामवासी भारी विपदा झेल रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ऐसी विकट परिस्थिति में सरकार व प्रशासन को युद्ध स्तर पर सहायता उपलब्ध करवानी चाहिए और किसानों को उचित मुआवजा तुरंत प्रभाव से जारी करना चाहिए। खड़ी फसलें तो बर्बाद हो ही चुकी हैं। आगामी दिनों में अन्य फसल के लिए बिजाई भी संभव नहीं है।*

### पुलिस बल तैनात, पानी निकालने के लिए प्रशासन ने किया काम शुरू

## गुराना की सिंघवा राघों माइनर पर हुए पथराव के बाद प्रशासन ने रात को मिट्टी डालकर माइनर करवाई बंद

### माइनर बंद होने के बाद चारों गांवों में शांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

गुराना की सिंघवा राघों माइनर पर पानी को लेकर गांव गुराना और तीन गांवों के लोगों में हुए पथराव के बाद प्रशासन ने रात को मिट्टी डालकर माइनर की बंद कर दिया। प्रशासन की तरफ से तनाव को देखते भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है।

इससे पूर्व जिला उपायुक्त अनीश यादव और हांसी पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन पूरी रात खुद ही मामले को शांत करने में जुटे रहे। विधायक जस्सी पेटवाड़ और जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा भी लगातार ग्रामीणों के संपर्क रहे और देर रात को गांव डाटा के सरकारी स्कूल में ग्रामीणों की वार्ता हुई जिसमें पानी को और कही निकलने व माइनर को बंद करने की सहमति बनी। उसके बात अलसुबह तीन बजे माइनर को बंद करवाया। अब मामला पूरी तरह से शांत है। शनिवार की रात को माइनर को बंद करने के लिए खानपुर, सिंधड़ और सिंघवा राघों के ग्रामीण जेसीबी लेकर माइनर पर पहुंच गए थे।



नारनौंद। गांव गुराना के पास टूटी हुई सिंघवा राघों माइनर को प्रशासन द्वारा कराया गया बंद। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे शामिल

जिला परिषद के अध्यक्ष सोनू डाटा के नेतृत्व में मौजिज लोगों की रात को 11 बजे प्रशासन के अधिकारियों जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के साथ डाटा गांव के सरकारी स्कूल में मीटिंग करवाई। जिसमें खानपुर के सरपंच रामपाल, सिंधड़ के सुंदर और सिंघवा राघों के नरेश व घिराय के सरपंच संदीप, रमेश खानपुर शामिल हुए।

### *जलभराव के कारण हुए फसल तथा आवासीय नुकसान का मुआवजा देगी सरकार: विधायक*



*हांसी। विधायक विनोद भयाना ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र के गांव घिराय, खेड़ी गगन, जीतपुरा, मेहंदा इत्यादि गावों का दौरा कर प्रशासन द्वारा किए गए बरसाती जल निकासी प्रबंधों का निरीक्षण किया और लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने गांवों में रुककर लोगों से बातचीत की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जल निकासी कार्य में और तेजी लाए। उन्होंने खेड़ी गगन गांव में 20 क्यूसेक क्षमता का एक अतिरिक्त वर्टिकल पंप सेट न केवल लगाने के निर्देश दिए बल्कि मौके पर ही पंप सेट मंगवाकर स्थापित करवाया। कई गांवों में फसलों तथा मकानों को काफी नुकसान हुआ है।*



समुद्र मे गहरा गोता लगाने के लिए मगरमच्छ कभी-कभी भारी पत्थर भी निगल लेता है।



उल्लू अपनी गर्दन घुमाकर पीछे की ओर भी देख सकता है। इसकी नजर मनुष्य से सौ गुना तेज होती है।

# भविष्य कंप्यूटर का, टीचर बनकर चमकाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर हमारे समय की मांग है, चाहे वह समय आज का हो या आने वाला कल दोनों में ही कंप्यूटर की बहुत बड़ी जरूरत है। एक अच्छी कंप्यूटर योग्यता हासिल करने के बाद आप स्कूल या कॉलेज में कंप्यूटर टीचर के पद पर नियुक्ति पा सकते हो। और वह कंप्यूटर टीचर की नौकरी प्राइवेट या सरकारी दोनों ही मिल सकती है। अगर आप भी कंप्यूटर टीचर बनने के बारे में सोच रहे हैं तो पहले आपको यह सोचना होगा कि आपको कंप्यूटर योग्यता के लिए किस टाइप की डिग्री प्राप्त करनी है। यह सब आपको 10वीं करने के तुरंत बाद ही तय करना पड़ेगा ताकि आप सही समय पर सही फैंसला ले सकें।

## बहुत ज्यादा नौकरियां

विभिन सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर कंप्यूटर के कार्यों पर नौकरी निकलती रहती है अगर आपके पास उच्च कंप्यूटर योगयता है तो आप इन पर समय समय पर अप्लाई कर सकते है। उनकी शर्तों को पूरा करते हुए आप इन पदों पर सलेक्ट भी होते हैं। अगर आपके पास कोई कंप्यूटर संबंधित कोर्स किया हुआ है तो आपकी सिलेक्शन के चांस बढ़ जाते हैं। इस लेख में आगे हम आप को कुछ कंप्यूटर कोर्सेज की लिस्ट देंगे और यह भी बताएंगे के कंप्यूटर कोर्स कैसे करें। आज का दौर ऑनलाइन का है और आज कल बहुत से कक्षाओं में ऑनलाइन पढाई होती है और वह ऑनलाइन क्लासेज का पूरा मैनेजमेंट कंप्यूटर टीचर के हाथ में ही होता है। स्कूल में कंप्यूटर टीचर की जरुरत तो हर हालत में होती ही है और उच्च शैक्षिक योगयता हासिल करके आप इन पदों के लिए सक्षम हो सकते हैं। आप कंप्यूटर टीचर से संबंधित कुछ कोर्स करने के बाद कंप्यूटर टीचर के पदों पर अप्लाई कर सकते हैं। कंप्यूटर टीचर कैसे बने इस टर्म को समझने के लिए आप को कंप्यूटर टीचर से जुडी सभी बातों को जानना आवश्यक होता है।

## ये योग्यताएं जरूरी

किसी भी स्कूल या संस्थान में विषय-विशेष की फैकल्टी भर्ती करने के लिए विशेष मानक होते हैं। यदि कोई व्यक्ति कम्प्यूटर टीचर बनना चाहता है तो उसके पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं होना जरूरी है। जो इस प्रकार हो सकती हैं।

- स्कूल स्तर में कम्प्यूटर टीचर हेतु क्रमशः बीसीए अथवा पीजीडीसीए डिग्री होनी चाहिए या किसी प्रसिद्ध कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट से कम्प्यूटर शिक्षा में डिप्लोमा हो।
- कॉलेज में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर सबजेक्ट पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए आपके पास एमएससी डिग्री होना जरूरी है।



- सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर जिस भी विषय में आप विशेषज्ञ है, उस विषय का फंडामेंटल नॉलेज होना जरूरी है।
- बतौर कम्प्यूटर टीचर आपके पास प्रोग्रामिंग कौशल है तो सोने पे सुहागा साबित होगा।
- विद्यार्थियों तक अपने विचार, जानकारी पहुंचाने का सहज और आकर्षण गुण आपके पास होना चाहिए।
- अपने विषय पर कमांड और उस क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से भी अपडेट होना आवश्यक है।

## इस तरह बन सकते हैं कंप्यूटर टीचर

- कम्प्यूटर विषय से ग्रेजुएशन करने के बाद देश के प्रसिद्ध कॉलेज में पढ़ाने के लिए आपको एग्जाम देने होते हैं। जिसके बाद ही आप कम्प्यूटर टीचर बन पाते हैं। निम्नलिखित क्राइटेरिया को पूरा करके आप कम्प्यूटर टीचर बन सकते हैं।
- अगर, आप किसी कॉलेज में लेक्चरर बनना चाहते हैं तो आपको नेट एग्जाम क्लियर करना पड़ेगा।
- दूसरी ओर किसी स्कूल में कम्प्यूटर टीचिंग करना चाहते हैं तो टीचर इलीजिबिलिटी टेस्ट या फिर कई सारे विद्यालयों द्वारा टीचर्स की भर्ती के लिए बनाए गए मापदंड़ों को पूरा करना पड़ सकता है।
- अगर, आप एक सरकारी कम्प्यूटर टीचर बनना चाहते हैं और किसी गवर्नमेंट कॉलेज में पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए पहले आपको यूजीसी अथवा सीएसआईआर-नेट क्वालीफाइड सर्टिफिकेट की परिक्षा उतीर्ण करनी पड़ती हैं।

### आने वाला भविष्य कंप्यूटर आधारित, इसका नॉलेज आपको रखेगा आगे

अगर, अभी भी आपके मन में शंका है कि आगे आने वाले समय में कम्प्यूटर का भविष्य क्या होगा। तो बता दें पिछले एक दशक से लगातार भारत देश में कम्प्यूटर शिक्षकों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। क्योंकि, कम्प्यूटर की उपयोगिता और वर्तमान समय में इसके लाभ को देखते हुए बचपन से ही छात्रों को कम्प्यूटर सीखने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। यदि आपको इस फील्ड में अच्छा नॉलेज और अनुभव है तो आप इसमें एक शानदार करियर देख सकते हैं. और कम्प्यूटर टीचर बनने की तैयारी अभी से शुरु कर सकते हैं। हम डिजिटल दुनिया में जी रहे हैं जहां सारी दुनिया एक-दूसरे से कनेक्टेड है। आज गांव के कोने में बैठा एक व्यक्ति की वीडियो देश-विदेशों में देखी जा रही है। अगर, आपके पास भी कम्प्यूटर टीचिंग का ज्ञान है जिससे आप दूसरों की सहायता कर सकें तो पैसे कमाने में ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी। यूटयूब जैसे अनेक ऐसे प्लैटफॉर्म है, जहां पर आप अपने टीचिंग का हुनर दिखाकर स्कूल या कॉलेज टीचर की भांति ही अच्छी कमाई कर सकते हैं। आप बतौर कम्प्यूटर टीचर डेटा विश्लेषक का कार्य भी कर सकते हैं। डेटा एनालिटिस्ट वह व्यक्ति होता है जो डेटा को रॉ फॉर्म में प्राप्त कर उसे प्रोसेस कर समझने योग्य सूचना बनाता है।

---

12वीं पास करने के बाद बीए तीन साल की एक स्नातक डिग्री

# बीए के बाद करियर : सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में मिलते हैं बेहतरीन अवसर




डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## सामाजिक विज्ञान व भाषाओं की देती है गहरी समझ

अगर आपने सिर्फ बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए) किया है तो घबराएं नहीं। बीए करने के बाद भी आप अपने करियर को बेहरीन उड़ान दे सकते हैं। बीए तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, जो छात्रों को ह्यूमनिटीज, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं की गहरी समझ प्रदान करती है। इस कोर्स में विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जाता है जैसे हिंदी, अंग्रेज़ी, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र और जनसंचार। वहीं बी.ए. ऑनर्स पाठ्यक्रम किसी एक विषय में गहन और विशेषज्ञ अध्ययन प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, छात्र अंग्रेज़ी साहित्य, हिंदी साहित्य, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, दर्शनशास्त्र या जनसंचार जैसे विषयों में ऑनर्स करके उस क्षेत्र में गहरी जानकारी और शोध क्षमता प्राप्त करते हैं। इन स्पेशलाइज़ेशन के आधार पर विद्यार्थी आगे चलकर कंटेंट राइटिंग, रिसर्च, शिक्षण, काउंसलिंग, प्रशासनिक सेवाओं, मीडिया, सामाजिक कार्य और कॉर्पोरेट क्षेत्रों में अलग-अलग करियर मार्ग चुन सकते हैं।

**इस कोर्स में कई विषयों का अध्ययन करने में सक्षम होकर बनते हैं काबिल**



### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका : एक आवश्यक पूरक

बीए की शैक्षणिक पृष्ठभूमि छात्रों को विचार करने, अभिव्यक्ति और विश्लेषण क्षमता प्रदान करती है। लेकिन वर्तमान समय में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है। कंपनियां उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता देती हैं जो अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक स्किल्स से भी लैस हों। चाहे पत्रकारिता हो, कंटेंट राइटिंग, प्रशासनिक सेवाएं या कॉर्पोरेट सेक्टर-हर जगह दक्षता की मांग है।

### इंडस्ट्री के लिए आवश्यक कौशल

- प्रभावशाली लेखन और संवाद कौशल
- डिजिटल दक्षता: एमएस ऑफिस, कंटेंट मैनेजमेंट टूल्स
- डेटा रिसर्च और रिपोर्ट लेखन
- सार्वजनिक बोलने और प्रस्तुति कौशल
- आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान क्षमता
- पब्लिक रिलेशन एवं मीडिया हैंडलिंग स्किल्स

### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र बीए डिग्रीधारकों के लिए आकर्षक और स्थिर अवसर प्रदान करता है। बैंकिंग, बीमा, रेलवे, डाक विभाग, रक्षा सेवाएं, राज्य लोक सेवा आयोग और संघ लोक सेवा आयोग में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में भर्तियां होती हैं। शुरुआती वेतनमान 30,000 से 45,000 मासिक तक हो सकता है, जबकि अनुभव और उच्च पद पर यह 80,000 से 1,20,000 तक पहुंच जाता है।

**स्पेशलाइज़ेशन आधारित संभावित प्रोफाइल्स**
- इतिहास/राजनीति विज्ञान/समाजशास्त्र
- सिविल सेवाओं में उच्च सफलता दर
- ग्राम विकास अधिकारी
- पंचायत सचिव
- लोकसभा/राज्यसभा रिसर्च फेलो

**अर्थशास्त्र**
- आर बी आई असिस्टेंट
- सांख्यिकी विभाग में सहायक
- इस इस सी में इकोनॉमिक इन्वेस्टिगेटर

**मनोविज्ञान**
- रक्षा सेवाओं में मनोवैज्ञानिक अधिकारी
- सामाजिक न्याय विभाग में काउंसलर
- पुलिस विभाग में रिक्रूटमेंट/ट्रेनिंग काउंसलर

**भूगोल**
- सर्वे ऑफ इंडिया में अधिकारी पद
- पर्यावरण एवं जलवायु विभाग में अनुसंधान सहायक
- आपदा प्रबंधन विभाग में सहायक पद

**जनसंचार**
- सरकारी सूचना सेवा
- प्रसार भारती में रिपोर्टर/प्रोड्यूसर
- राज्य सूचना विभाग में पब्लिक रिलेशन अफसर

**रक्षा सेवाएं**
- लेफ्टिनेंट
- आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
- अकाउंट अफसर
- एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
- लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
- टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**उच्च अध्ययन के विकल्प**
- पाठ्यक्रम विवरण
- एम.ए. (स्पेशलाइज़ेशन अनुसार) उच्च शिक्षा व शोध हेतु आवश्यक
- एम.बी.ए. प्रबंधन और कॉर्पोरेट नेतृत्व भूमिकाओं हेतु
- बी.एड. शिक्षक बनने के लिए अनिवार्य
- एल.एल.बी. वकालत, कॉर्पोरेट लॉ, सिविल सेवाओं में सहायक
- मास कम्युनिकेशन/जर्नलिज़्म मीडिया, एंकरिंग, रिपोर्टिंग व पीआर में करियर
- समाजकार्य में मास्टर्स (एमएसडब्ल्यू) एनजीओ, पब्लिक हेल्थ व सामाजिक सेवा क्षेत्र हेतु
- मनोविज्ञान में पीजी/डिप्लोमा काउंसलिंग व क्लिनिकल मनोविज्ञान क्षेत्र हेतु

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीए डिग्रीधारकों के लिए निजी क्षेत्र में विविध क्षेत्रों में अवसर उपलब्ध हैं। मीडिया, शिक्षा, पब्लिक रिलेशन, कंटेंट राइटिंग, मानव संसाधन, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, काउंसलिंग, एडटेक और टूरिज़्म जैसे क्षेत्रों में रोजगार की अच्छी संभावनाएं हैं। शुरुआती वेतनमान 15,000 से 25,000 मासिक हो सकता है, वहीं अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह 40,000 से 70,000 तक पहुंच सकता है। निम्न लिखित निजी क्षेत्रों में आप अपना करियर बना सकते हैं।

**मीडिया एवं जनसंचार**
- रिपोर्टर/जर्नलिस्ट
- न्यूज़ एडिटर
- पब्लिक रिलेशन एग्जीक्यूटिव

**कंटेंट एवं डिजिटल सेक्टर**
- कंटेंट राइटर
- कॉपी एडिटर
- सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर
- एसईओ एग्जीक्यूटिव

**शिक्षा एवं प्रशिक्षण**
- टीचिंग असिस्टेंट
- ऑनलाइन ट्यूटर
- एजुकेशन काउंसलर

**कॉरपोरेट एवं मानव संसाधन**
- एचआर असिस्टेंट
- ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर
- एडमिन एग्जीक्यूटिव

**पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र**
- टूर गाइड
- ट्रैवल कंसल्टेंट
- हॉस्पिटैलिटी एग्जीक्यूटिव

**स्पेशलाइज़ेशन आधारित संभावित प्रोफाइल्स**
- अंग्रेज़ी/हिंदी साहित्य
- कंटेंट राइटर
- कॉपी एडिटर
- ट्रांसलेटर
- प्रकाशन सहायक

**इतिहास/राजनीति विज्ञान/समाजशास्त्र**
- रिसर्च असिस्टेंट
- पब्लिक पॉलिसी एनालिस्ट
- सोशल मीडिया कैम्पेनर
- एनजीओ कोऑर्डिनेटर

**अर्थशास्त्र**
- रिसर्च एनालिस्ट
- डेटा एंट्री एवं एम आई इस एग्जीक्यूटिव
- मार्केट सर्वे एग्जीक्यूटिव
- फाइनेंशियल कंसल्टिंग असिस्टेंट

**मनोविज्ञान**
- काउंसलर (स्कूल/कॉलेज)
- एचआर ट्रेनिंग असिस्टेंट
- बिहेवियरल एनालिस्ट
- करियर काउंसलर

**भूगोल**
- जी आई इस असिस्टेंट
- टूर एवं ट्रैवल कंसल्टेंट
- सर्वे रिसर्चर

**दर्शनशास्त्र**
- एथिक्स ट्रेनर
- शिक्षा व वैचारिक शोध सहायक

**जनसंचार**
- रिपोर्टर/जर्नलिस्ट
- पीआर एग्जीक्यूटिव
- डिजिटल मीडिया कोऑर्डिनेटर

### स्किल्स विकसित करें छात्र

बीए केवल एक स्नातक डिग्री नहीं, बल्कि यह छात्रों को विभिन्न विषयों में विशेषज्ञता और करियर विकल्पों का विस्तृत मार्ग प्रदान करती है। यदि छात्र अपनी स्पेशलाइज़ेशन के अनुरूप स्किल्स विकसित करें और प्रतियोगी परीक्षाओं या उच्च अध्ययन के लिए प्रयास करें, तो वे निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट भविष्य बना सकते हैं। अपने करियर का चुनाव करने से पहले किसी भी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

---

# सपनों को हकीकत में बदलें : भारत की चुनौतियों में सकारात्मक बदलाव की राह



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत, एक ऐसा देश जो विविधता, संस्कृति और अवसरों का संगम है, लेकिन इसके साथ ही कई चुनौतियाँ भी हैं। बढ़ती जनसंख्या, आर्थिक असमानता, शिक्षा तक सीमित पहुंच, और सामाजिक दबाव जैसे हालात कभी-कभी हमारे सपनों को धूमिल कर सकते हैं। लेकिन, प्रिय छात्रों, ये चुनौतियाँ आपके सपनों को रोकने की ताकत नहीं रखतीं। आपमें वह शक्ति है जो इन कठिनाइयों को अवसरों में बदल सकती है। सपने वो बीज हैं, जो आपके मन में बोए जाते हैं। लेकिन उन्हें पनपने के लिए सही दिशा और मेहनत की जरूरत होती है। सबसे पहले अपने सपनों को स्पष्ट करें। आप क्या बनना चाहते हैं? क्या हासिल करना चाहते हैं? चाहे वह डॉक्टर, इंजीनियर, कलाकार, उद्यमी, या कुछ और बनने का सपना हो, उसे कागज पर लिखें।

## चुनौतियों को हार का बहाना न बनने दें

भारत में कई बार सामाजिक या आर्थिक दबाव हमें अपने सपनों से भटका देते हैं। लेकिन याद रखें, आपका सपना आपकी ताकत है। उदाहरण के लिए, अगर आप एक छोटे शहर या गाँव से हैं, जहां संसाधनों की कमी है, तो यह आपके लिए रुकावट नहीं, बल्कि एक प्रेरणा होनी चाहिए कि आप उन सीमाओं को तोड़ सकते हैं।

**चुनौतियों को अवसरों में बदलें** : भारत में कई छात्र आर्थिक तंगी, संसाधनों की कमी, या परिवार के दबाव का सामना करते हैं। लेकिन इन चुनौतियों को हार का बहाना न बनने दें। हर मुश्किल एक सबक है। उदाहरण के लिए।

**आर्थिक तंगी**: अगर आपके पास कोचिंग या महंगे संसाधनों के लिए पैसे नहीं हैं, तो इंटरनेट का उपयोग करें। आज यूट्यूब, खान एकेडमी, और कई मुफ्त ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं, जो आपको मुफ्त में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा दे सकते हैं।

**सामाजिक दबाव**: अगर आपके परिवार या समाज को आपके सपनों पर भरोसा नहीं है, तो धैर्य और संवाद से उन्हें समझाएँ। अपनी मेहनत और छोटी-छोटी उपलब्धियों से उनके विश्वास को जीतें।

**प्रतिस्पर्धा**: भारत में प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा है, लेकिन यह आपको और मजबूत बनाती है। अपनी तुलना दूसरों से न करें; अपने लक्ष्य पर ध्यान दें और हर दिन बेहतर बनने की कोशिश करें।

**सकारात्मक सोच**: आपकी सबसे बड़ी ताकत सकारात्मक सोच वह जादू है, जो असंभव को संभव बनाती है। भारत जैसे देश में, जहाँ हर दिन नई चुनौतियाँ सामने आती हैं, सकारात्मक दृष्टिकोण आपको आगे बढ़ने की हिम्मत देता है। अपने मन से नकारात्मक विचारों को हटाएँ। अगर आप सोचते हैं कि "मैं यह नहीं कर सकता", तो उसे बदलकर कहें, "मैं कोशिश करूँगा और सीखूँगा।" प्रेरणा लें उन लोगों से, जिन्होंने भारत में कठिन परिस्थितियों में अपने सपनों को हासिल किया। जैसे कि:

**डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम**: एक साधारण परिवार से निकलकर भारत के मिसाइल मैन और राष्ट्रपति बने। उनकी कहानी हमें सिखाती है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

**धीरूभाई अंबानी**: एक छोटे से गाँव से शुरूआत कर उन्होंने रिलायंस जैसी विशाल कंपनी बनाई। उनकी कहानी हमें बताती है कि सपने देखने की कोई सीमा नहीं होती।

## छोटे कदम, बड़े परिणाम

सपनों को हासिल करने के लिए बड़े-बड़े कदमों की जरूरत नहीं होती। छोटे-छोटे कदम भी आपको मंजिल तक ले जा सकते हैं। अपने लक्ष्य को छोटे-छोटे हिस्सों में बाँटें। उदाहरण के लिए, अगर आप एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो हर दिन कुछ घंटे पढ़ाई के लिए निकालें। एक समय में एक विषय पर ध्यान दें। अपनी प्रगति को ट्रैक करें और हर छोटी उपलब्धि पर खुद को प्रोत्साहित करें।

**शिक्षा और कौशल**: आपके सपनों की नींव: भारत में शिक्षा और कौशल विकास आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। अगर आपके पास संसाधन सीमित हैं, तो सरकारी योजनाओं और स्कॉलरशिप का लाभ उठाएँ। साथ ही, आज के डिजिटल युग में तकनीकी कौशल सीखना बहुत जरूरी है। कोडिंग, डिजिटल मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस जैसे कौशल न केवल आपको नौकरी दिला सकते हैं, बल्कि आपके सपनों को नई उड़ान भी दे सकते हैं।

**समुदाय और सहयोग**: एक साथ मिलकर आगे बढ़ें: अकेले चलना मुश्किल हो सकता है। अपने आसपास के दोस्तों, शिक्षकों, या मेंटर्स का सहारा लें। एक-दूसरे के साथ ज्ञान और प्रेरणा साझा करें। भारत में कई गैर-लाभकारी संगठन और समुदाय हैं, जो छात्रों को मुफ्त में मार्गदर्शन और संसाधन प्रदान करते हैं। इनका लाभ उठाएँ और अपने सपनों को और मजबूत करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय (बी) द्रविड़
(सी) ऑस्ट्रिक (डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी (बी) संस्कृत
(सी) तमिल (डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए)अपभ्रंश (बी) लौकिक संस्क्रत
(सी)पालि-प्राकृत (डी) वैदिक संस्कृत

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी (बी) बांगरू
(सी) अवधी (डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा (बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा (डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** दूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

**9.** निम्न में से कौन सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है
(ए) गुजराती
(बी) उड़िया
(सी) मराठी
(डी) सिन्धी

**10.** एक मनई के दुई बेटवे रहिन। ओह माँ लहरा अपने बाप से कहिस - दादा धन मां जवन हमर बखरा लागत होय तवन हमका दै द । यह अवतरण हिंदी किस बोली में है
(ए) भोजपुरी
(बी) कन्नौजी
(सी) अवधी
(डी) खड़ी बोली

**उत्तर** 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(सी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप



### बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राहत सामग्री रवाना

**रतिया।** खेती बचाओ किसान यूनियन ने रविवार को पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए एक ट्रक राहत सामग्री अजीतसर गुरुद्वारा साहब से पंजाब के लिए रवाना की। प्रधान जरनैल सिंह मलवाला, कार्यकारी प्रधान राजविंदर सिंह चहल व प्रदेश प्रवक्ता राम जाट ने बताया कि इस अवसर पर गुरुद्वारा साहब के मुख्य सेवादार द्वारा सभी लोगों की भलाई के लिए अरदास की गई और उसके बाद ट्रक को रवाना किया गया। यह ट्रक खेती बचाओ द्वारा गोद लिए गए गांव में पहुंचेगी और उसके बाद खेती बचाओ के सेवादारों द्वारा वहां पर गांव में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी जाएगी। प्रदेश प्रधान जरनैल सिंह ने बताया कि खेती बचाओ किसान यूनियन द्वारा पाकिस्तान बॉर्डर के पास गांव टाहलिया साहब को गोद लिया गया है और वहां पर बाढ़ पीड़ितों की सहायता की जाएगी।

### रिटायर कर्मचारी संघ करेगा पीड़ितों की मदद

**रतिया।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक नागपुर की बैठक जगजीत सिंह जोहल ब्लॉक प्रधान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन ब्लॉक सचिव राजकुमार हड़ोली ने किया। सभा में जिला प्रधान भोला सिंह नागपुर ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में पंजाब व हरियाणा में आई हुई प्राकृतिक आपदा में अपी जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और पीड़ित परिवारों की आर्थिक मदद करने का फैसला किया गया। जिला प्रधान भोला सिंह नागपुर ने बताया कि एक-दो दिन में जिला की बैठक रखकर सहायता राशि एकत्रित की जाएगी। उन्होंने कहा किरिटायर्ड कर्मचारियों की मांगे काफी समय से लंबित है। सरकार इन मांगों को जायज मानती है लेकिन इन्हें लागू नहीं किया जा रहा है।

### जीएसटी में सुधार, केंद्र का ऐतिहासिक फैसला

**सिरसा।** केंद्र सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी में किए गए हालिया सुधारों को लेकर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अभय शाह ने इसे एक ऐतिहासिक और जनहितैषी निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से न केवल व्यापारियों को राहत मिलेगी, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी के तहत दरों में संशोधन, टैक्स प्रक्रिया को सरल बनाने और छोटे व्यापारियों के लिए रिटर्न फाइलिंग को आसान बनाने जैसे कई ठोस कदम उठाए हैं।

### बाबा नामदेव सभा की कार्यकारिणी का गठन

**रतिया।** संत श्री बाबा नामदेव धर्मशाला में शिरोमणि बाबा नामदेव सभा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बलदेव सिंह ने पुरानी कमेटी को भंग करने की घोषणा की। बैठक में सर्वसम्मति से सेवानिवृत पटवरी हरदेव सिंह को प्रधान, करनैल सिंह सागू को कैशियर, हरि सिंह को सचिव नियुक्त किया गया। अन्य पदाधिकारी भी नियुक्त किए गए।



### 15 दिन से आफत बनकर बरस रही बारिश

*बता दें कि पिछले 15 दिनों से यहां बारिश का प्रकोप जारी है। हिमाचल की पहाड़ियों में बारिश होने का सीधा असर फतेहाबाद पर पड़ रहा है। हिमाचल का पानी घग्गर से होता हुआ फतेहाबाद में प्रवेश करता है। वर्ष 2023 में यहां चांदपुरा के पास मूनक-खनौरी का बांध टूटने से फतेहाबाद जिले की एक लाख एकड़ भूमि जलमग्न हो गई थी। चांदपुरा साइफन की क्षमता 22 हजार क्यूसिक है। हालांकि चांदपुरा में डेंजर प्वाइंट तक पानी पहुंचे, इससे पहले ही कहीं न कहीं तटबंध ओवरफ्लो या लीक हो जाते हैं। जिस कारण यहां के लोग बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। हालांकि ऐसा पहली बार हो रहा है कि फतेहाबाद में भारी बरसात हो रही है और घग्गर के दोनों ओर खेत भी पानी से लबालब है।*

# घग्गर में जलस्तर बढ़ने की रफ्तार थमी बारिश से किसानों की धड़कनें बढ़ी

**घग्गर के दोनों ओर खेत भी पानी से लबालब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हिमाचल की पहाड़ियों व प्रदेश में पिछले दो दिनों से बरसात न होने से पिछले कई दिनों से घग्गर जलस्तर बढ़ने की रफ्तार थमती नजर आ रही है। रविवार शाम को जिले के चांदपुरा साइफन पर घग्गर का जलस्तर 15400 क्यूसिक दर्ज किया गया। रविवार सुबह 6 बजे भी जलस्तर 15400 ही था जबकि एक दिन पूर्व यहां का जलस्तर 15160 क्यूसिक था। ऐसे में माना जा रहा है कि अगर बारिश थम जाती है तो यहां घग्गर के तटवर्ती क्षेत्रों में बसे लोगों के लिए उम्मीद भरी किरण होगी।

इस बीच रविवार को भी फतेहाबाद के चांदपुरा, कुलां व जाखल में बादल उमड़-उमड़ कर घग्गर के ऊपर से गुजरते रहे। किसानों की धडक़नें बारिश को लेकर घटती-बढ़ती रही।

बता दें कि पिछले 15 दिनों से यहां बारिश का प्रकोप जारी है। हिमाचल की पहाड़ियों में बारिश होने का सीधा असर फतेहाबाद पर पड़ रहा है। हिमाचल का पानी घग्गर से होता हुआ फतेहाबाद में प्रवेश करता है। वर्ष 2023 में यहां चांदपुरा के पास मूनक-खनौरी का बांध टूटने से फतेहाबाद जिले की एक लाख एकड़ भूमि जलमग्न हो गई थी। चांदपुरा साइफन की क्षमता 22 हजार क्यूसिक है। हालांकि चांदपुरा में डेंजर प्वाइंट तक पानी पहुंचे, इससे पहले ही कहीं न कहीं तटबंध ओवरफ्लो या लीक हो जाते हैं। जिस कारण यहां के लोग बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। हालांकि ऐसा पहली बार हो रहा है कि फतेहाबाद में भारी बरसात हो रही है और घग्गर के दोनों ओर खेत भी पानी से लबालब है।

#### प्रशासन की नाकामी पर गाज, डीसी का ट्रांसफर

*प्रशासन की विफलता का अंदाजा लगाया जाता है कि सरकार ने भी प्रशासन की नाकामी के लिए सीधे तौर पर डीसी को माना और बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष के भूना से निकलने के कुछ ही घंटों में यहां के डीसी का ट्रांसफर कर दिया गया। यह बताना जरूरी है कि दो दिन पूर्व ही यहां से कांग्रेस के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने भी डीसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे और सोशल मीडिया पर अपने इस पोस्ट को सीएम के साथ टैग भी किया था।*

#### तटबंध लीक हुए तो फिर आएगी बाढ़

ऐसे में घग्गर का तटबंध थोड़ा-सा लीक हुआ तो बाढ़ की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। जिला प्रशासन ने इस बार लोगों को अपने रहमो-कर्म पर छोड़ रखा है। इसका ताजा उदाहरण भूना शहर को माना जा सकता है। भूना में न कोई घग्गर टूटी हैं, न कोई ड्रेन। सिर्फ बरसाती पानी ने ही भूना को डूबो दिया। पिछले 10 दिनों के भूना की सारी आबादी पानी में डूबी हुई है। स्कूल, अस्पताल, कॉलेज, क्या दुकानें, सब बंद हैं। लोगों की नजर प्रशासन की ओर हैं।

## बाढ़ पीड़ितों की सहायता को कमेटी का गठन प्रभावित क्षेत्रों में भेजी जाएगी राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

**रतिया शहर के प्रत्येक मोहल्ले से टीमें बनाई**

पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए रविवार को रतिया गुरुघर नाली मोहल्ला में नगर के गणमान्य व्यक्तियों एवं समाजसेवियों की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु बाढ़ पीड़ित सहायता कमेटी, समूह नगर रतिया का गठन किया जाए। समिति का मुख्य उद्देश्य रतिया शहर के नागरिकों से सहयोग एकत्रित कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तक राहत सामग्री और आर्थिक सहायता पहुंचाना है। इसके लिए समिति ने तय किया है कि रतिया शहर के प्रत्येक मोहल्ले से टीमें बनाई जाएंगी, जो जमीनी स्तर पर जाकर सामग्री एवं सहयोग एकत्रित करेंगी। समिति में पूर्व पार्षद रूप सिंह, बाबा पाल सिंह, जरनैल सिंह, कर्मा सिंह, निर्भय सिंह, राज सिंह, रामा सिंह, अशोक कंबोज, बलवीर सिंह जखान दादी प्रधान, सुरेंद्र सिंह, गुरलाल सिंह, गोपी पार्षद वार्ड नं. 14 मनप्रीत सिंह तथा गुरसेवक खोखर शामिल हैं। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि घग्गर नदी का पानी उतरने के पश्चात पूरे शहर से राहत सामग्री एकत्रित कर पंजाब के प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचा दी जाएगी। समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि इस मानवता की घड़ी में सभी नागरिक आगे आएँ और सहयोग का हाथ बढ़ाएँ, ताकि बाढ़ प्रभावित भाइयों-बहनों तक तुरंत और अधिक से अधिक राहत पहुंचाई जा सके।

# दिन-रात की जा रही तटबंधों की निगरानी

**मशीनों और मिट्टी के कट्टों से लगातार हो रहा मजबूतीकरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

**बारिश ने मचाई तबाही**

क्षेत्र से गुजरने वाली बरसाती नदी घग्गर में रविवार को जलस्तर में मामूली कमी देखने को मिली। घटता जलस्तर तटबंधों पर बसे ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर है। गुहला चीका में रविवार को बेशक जलस्तर में बढौतरी देखी गई लेकिन सरदूलगढ़ में करीबन डेढ़ हजार क्यूसिक जलस्तर कम हुआ जो राहत भरी खबर है। ग्रामीण व प्रशासनिक अधिकारी निरंतर घग्गर के तटबंध मजबूत करने में जुटे हुए हैं। शनिवार को फरवाई व बुर्जकर्मगढ़ के बीच घग्गर में हुए कटाव से हजारों एकड़ फसल जलमग्र हो गई। तटबंघों पर बसे गांवों के लोग भी गांव में पानी न घुसे इसके लिए aभी प्रयास करने में लगे हुए हैं। रविवार को हुई बरसात ने ग्रामीणों की परेशानी को बढ़ा दिया और तटबंधों को मजबूत करने में लगे कार्य में भी बाधा डाली।

जिला प्रशासन घग्गर नदी के जलस्तर और तटबंधों की सुरक्षा को लेकर पूरी सतर्कता बरत रहा है। सिंचाई विभाग की 24 टीमें सेक्टर वाइज निरंतर निगरानी कर रही हैं। घग्घर के तटबंधों को और मजबूत करने के लिए मिट्टी के कट्टे लगाए जा रहे हैं, साथ ही जेसीबी और पोकलेन मशीनों की मदद से तटबंधों की मजबूती सुनिश्चित की जा रही है। बारिश के बावजूद टीमें लगातार व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में जुटी हैं। ये टीमें ग्रामीणों के साथ लगातार संवाद बनाए हुए हैं और बिजली व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवा रही हैं। इसके अलावा एसडीएम, तहसीलदार व अन्य मौजूद रहे।





सिरसा। तटबंधों की निगरानी करते प्रशासनिक अधिकारी तथा मिट्टी के कट्टे भरने में जुटी ग्रामीण महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

#### जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग की टीमें हर समय अलर्ट

*उपायुक्त शांतनु शर्मा स्वयं स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। वर्तमान में जिला सिरसा में घग्घर नदी के मुख्य तटबंध पूरी तरह सुरक्षित हैं और नागरिकों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस दौरान अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को और अधिक मजबूत व्यवस्था करने के निर्देश दिए। रविवार को शाम को 7 बजे तक सरदूलगढ प्वाइंट पर घग्गर का जलस्तर 42380 क्यूसिक वहीं ओटू वीयर डाउन स्ट्रीम में 27550 क्यूसिक रहा। शनिवार सुबह छह बजे सरदूलगढ प्वाइंट पर घग्गर का जलस्तर लगभग 45500 क्यूसिक था। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग की टीमें हर समय अलर्ट हैं।*

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सुमन अव्वल

**सिरसा।** भारत की भूमि केवल भौगोलिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि संस्कृति, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जहां हजारों वर्षों से सभ्यताएं पनपी, विभित्र पंथों और दर्शनों का उदय हुआ। ये शब्द लायंस क्लब सिरसा अमर के संस्थापक अध्यक्ष रमेश साहुवाला ने स्थानीय प्रीत नगर में सिलाई सेंटर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। उन्होंने काड़ा भासा की भूमि पूरे संसार में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है क्योंकि यह प्राकृतिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विशेषताओं से जुड़ी हुई है। साहुवाला ने कहा भारत को विश्व गुरू कहा जाता है क्योंकि यहां वैद्य, उपनिषद, योग, आयुर्वेद और ध्यान-साधना जैसी परंपराओं ने जन्म लिया।




### एमएम कॉलेज इतिहास विभाग का शानदार परिणाम, प्रियंका ने विश्वविद्यालय में पाया दूसरा स्थान

**फतेहाबाद।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा द्वारा घोषित एम.ए. हिस्ट्री प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में मनोहर मेमोरियल कॉलेज, फतेहाबाद के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज की छात्रा प्रियंका, एम.ए. फाइनल ईयर ने 540 अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया और विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया। इसी प्रकार, रेशमा एम.ए. फर्स्ट ईयर ने 544 अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम तथा विश्वविद्यालय स्तर पर द्वितीय स्थान अर्जित किया। इतिहास विभाग के अन्य छात्र-छात्राओं में रितिका, प्रभव, पूनम और गगनदीप ने भी विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में जगह बनाई है जोकि एमएम कॉलेज के लिए गौरवान्वित करने वाला पल रहा। इन उपलब्धियों पर कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान राजीव बत्रा, सचिव विनोद मेहता एडवोकेट, कोषाध्यक्ष कैलाश बत्रा सहित अन्य मौजूद रहे।



## सीबीएसई क्लस्टर में आपीएस ने अंडर 14 व 19 में वालीबॉल में जीते सिल्वर मेडल

- सीबीएसई के ज्वाइंट सेक्रेट्री विजय सिंह यादव ने आरपीएस की दोनों वालीबॉल टीमों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय ने एकबार फिर अपनी खेल प्रतिभा से जिले का मान बढ़ाया है। हाल ही में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-14 और अंडर-19 (आयु वर्ग) की टीमों ने सोनीपत में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दोनों ही वर्गों की टीमों ने प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट तालमेल, संघर्षशीलता और खेल भावना का परिचय दिया। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव और प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को बधाई दी। जबकि सीबीएसई के ज्वाइंट सेक्रेट्री विजय सिंह यादव ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।



महेंद्रगढ़। विजेता आरपीएस की वालीबॉल टीम। फोटो : हरिभूमि

#### भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सचिव डॉ. दिव्या ने ली बैठक

## महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बना रही सरकार

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

**करनाल बैठक का न्योता**

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सचिव डॉ. दिव्या सेठी ने रविवार को फतेहाबाद में महिला कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। यहां पहुंचने पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. सुमन बजाज ने अपनी टीम के साथ उनका स्वागत किया। डॉ. दिव्या सेठी ने बैठक में 11 सितम्बर को करनाल में होने वाली विस्तृत कार्यकारिणी समिति की बैठक के बारे में जानकारी दी तथा महिला कार्यकर्ताओं को निमंत्रण भी दिया। इसके अलावा भाजपा द्वारा 17 सितम्बर से शुरू होने जा रहे सेवा पखवाड़ा को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा हाई कमान के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर विजय दशमी पर्व तक विभिन्न सेवा प्रकल्पों में महिला कार्यकर्ता बढ़चढ़ कर भाग लें। डॉ. दिव्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा हर वर्ष शुरू किया जाता है, जो पूरे देश में भाजपा की तरफ से मनाया जाता है। भाजपा का यह सेवा पखवाड़ा हर बार नया रिकॉर्ड कायम करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक वट वृक्ष है। भारत देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है।




फतेहाबाद। बैठक को संबोधित करते भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सचिव डॉ. दिव्या

#### जिला उपाध्यक्ष सहित ये रहीं मौजूद

*इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सविता टुटेजा, पूनम सिंगला, पूजा रानी, किरण नारंग, भारती सचदेवा, अन्जू खिची, नीलम मैहता, रूप मालती शर्मा, बीबो इन्दौरा, अन्जू मैहता, कंचन भाटिया, गीता कसवां, अन्जू बिश्नोई, सपना, दीपा, अंजना सहित अनेक महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।*

## खबर संक्षेप

### रोटरी के शिविर में 100 यूनिट रक्त संग्रहित

**हिसार।** रोटरी हिसार द्वारा रविवार को सनसिटी मॉल में रक्तदान शिविर आयोजित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत उपस्थित रहीं। डिप्टी सीएमओ डॉ. सुभाष खतरेजा व उनका स्टाफ भी विशेष रूप से मौजूद रहा। रोटरी के अध्यक्ष डॉ. केके वर्मा ने कहा कि यह शिविर केवल रक्तदान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सेवा और मानवता की भावना को बढ़ावा देने का माध्यम है। शिविर में लगभग 100 यूनिट रक्त सफलतापूर्वक संग्रहित किया गया।

### भाविप गायत्री ने सरसौद में चलाया विशेष सेवा प्रकल्प

**बरवाला।** भारत विकास परिषद गायत्री शाखा बरवाला के पदाधिकारियों और सदस्यों ने गांव सरसौद में जलभराव से प्रभावितो की सहायता के लिए विशेष सेवा प्रकल्प चलाया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष पवन शर्मा, पवन सैनी, डॉ. सुशील कुमार, सुरेन्द्र गोयल, रामनिवास वर्मा, राजेंद्र भट्ट, मनीष गोयल, शिव कुमार कौशिक, जिले सिंह, देवेन्द्र शर्मा देव आदि मौजूद रहे ।

### आनंदमय जीवन के संकल्प के साथ ध्यान शिविर संपन्न

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में आयोजित दो दिवसीय आनंदमय जीवन ध्यान शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से साधकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर के संचालक आचार्य प्रभाकर ने आनंदमय जीवन के विविध पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और खुशहाल जीवन जीने की कला से साक्षात्कार करवाया। इस दौरान स्वामी संजय व मां सांची ने भी ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। आचार्य प्रभाकर ने स्पष्ट किया कि अधिकतर लोगों को घर-बाहर और परिवार-समाज से शिकायत होती है।

### लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**हांसी।** आर्थिक अपराध शाखा पुलिस ने फर्जी कंपनी बनाकर लोगों से रुपए ऐंठने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जींद जिले के गांव गतौली व हाल शिवपुरी कालोनी जींद निवासी ओमप्रकाश के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एएसआई जोगेंद्र ने बताया कि आरोपी ने गो भक्ति इंडस्ट्रियल के नाम से फर्जी कंपनी बनाकर लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ खेलते हुए लाखों रुपयों की धोखाधडी की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ।

### शोभा यात्रा निकालकर गणेशजी का विसर्जन

**हिसार।** गांव सरसौद के दिव्य देव स्थानम मंदिर के तत्वावधान में आयोजित गणेश चतुर्थी महोत्सव के 11वें दिन गणेशजी महाराज की विदाई एवं मूर्ति का विधिवत विसर्जन किया गया। मनोहर लाल ज्ञानी देवी जन कल्याण सोसायटी, सरसौद के प्रधान मदनलाल गोयल ने बताया कि सुबह हवन-यज्ञ किया फिर गणेशजी महाराज की मूर्ति को एक वाहन में विराजमान करके सरसौद गांव की मुख्य गलियों में शोभा यात्रा निकाली गई।

### कलश यात्रा निकालकर भागवत कथा शुरू

**हिसार।** उत्तम नगर स्थित गुरुद्वारा साहिब में पितृ पक्ष के उपलक्ष्य में महिला संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में रविवार से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। कथा से पूर्व कथा वाचक पं. यशोदानन्दन महाराज के सान्निध्य में उत्तम नगर, शांति नगर में कलश यात्रा निकाली गई।

कुम्हार समाज के सम्मान समारोह में पहुंचे कैबिनेट मंत्री

# शिक्षा और एकजुटता से ही समाज की प्रगति संभव : रणबीर गंगवा

- आधुनिक शिक्षा और तकनीक से जुड़कर पहचान बनाएं

*कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कहा कि यदि समाज आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना से आगे बढ़े तो किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रह सकता। उन्होंने इस सम्मान समारोह को समाज में नई ऊर्जा और प्रेरणा देने वाला कदम बताया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मानव कल्याण कुम्हार समाज समिति कुम्हार धर्मशाला 12 क्वार्टर रोड की ओर से रविवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा मुख्य अतिथि रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रहलाद सिंह पंवार ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में माटीकला बोर्ड के पूर्व चेयरमैन भूपेंद्र गंगवा, कर्ण सिंह रानोलिया, डीएफओ रोहताश कुमार बिराथलिया, रिटायर्ड सीएओ दलीप सिंह निम्बीवाल उपस्थित रहे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब सभी वर्ग शिक्षा, रोजगार और सामाजिक उत्थान के कार्यों में बढ़-चढक़र हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि कुम्हार समाज की मेहनत, लगन और परंपरागत कला ने हमेशा समाज में विशेष पहचान बनाई है। आज समय की मांग है कि युवा वर्ग आधुनिक शिक्षा और तकनीक से जुडक़र अपनी नई पहचान बनाएं और समाज का नाम रोशन करें।



हिसार। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा व अन्य।

**ये रहे मौजूद**

गंगवा ने इस सम्मान समारोह को समाज में नई ऊर्जा और प्रेरणा देने वाला कदम बताया। कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज की एकजुटता को मजबूत करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को संस्कार देने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, चेयरमैन अजय गावड़, कुम्हार सभा के प्रधान भजनलाल, रामचंद्र गंगवा, मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल, नगर पार्षद मनोहर लाल वर्मा, शीला देवी, भूप सिंह रोहिल्ला, किशन लाल, जेई अंकुर बिश्नोई, जिला पार्षद ओपी मालिया, पिंकी शर्मा, अजय जांगड़ा, चंद्रा राम गुरी, डॉ उम्मेद खन्ना, राजबीर भाटीवाला सहित समाज के नागरिक उपस्थित रहे।

# बाढ़ पीड़ितों को मिले राहत पैकेज

- सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने किया जलभराव क्षेत्र का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी/नारनौंद

रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने रविवार को नारनौंद, हांसी के करीब दर्जन भर गांवों और शहरी इलाकों का दौरा किया।

उन्होंने बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित गांव भाटोल जाटान, थुराना, कुंभा-जमावड़ी-शेखपुरा ड्रेन, हांसी सिटी, भटला, चानौत, घिराय के विभिन्न इलाकों में लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। सांसद हुड्डा ने कहा कि पंजाब, उत्तराखंड, कश्मीर, गुजरात समेत कई प्रदेशों ने राहत पैकेज की घोषणा कर दी, लेकिन हरियाणा अकेला ऐसा प्रदेश है जहां कोई राहत पैकेज अब तक घोषित नहीं हुआ। उन्होंने सरकार से मांग की कि मुख्यमंत्री तुरंत हरियाणा में बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत पैकेज की घोषणा करें, साथ ही स्पेशल गिरदावरी कराई जाए।



हिसार। जलभराव से प्रभावित ग्रामीणों से बातचीत करते सांसद दीपेंद्र हुड्डा।

**ये रहे उपस्थित**

*इस दौरान सांसद जयप्रकाश जेपी, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक चंद्रप्रकाश, विधायक नरेश सेलवाल, विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, विधायक देवेंद्र हंस, पूर्व विधायक बलबीर बाल्मीकि, जिला अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग, हांसी से प्रत्याशी रहे राहुल मक्कड़, सुमन शर्मा, योगेंद्र योगी, तेलुराम जांगड़ा आदि मौजूद रहे।*

### सड़क बनवाने की मांग को लेकर कैबिनेट मंत्री से मिलेंगे ग्रामीण

*हिसार। गांव तलवंडी राणा की मुख्य सड़कों की दयनीय हालत और अधूरी निर्माण कार्य को लेकर रविवार दोपहर बाद गांव के पटेल पार्क में पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें समाजसेवी मस्तराम खटाणा व राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जबकि सरपंच दयाल सिंह मोलिया व समाजसेवी रसीराम मोलिया विशेष रुप से मौजूद रहे। इस दौरान पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से मुलाकात करेगा और सड़क निर्माण कार्य को अविलंब शुरू करवाने की मांग रखेगा। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि करीब सात माह पहले गांव की मुख्य सड़क को उखाड़ा गया था। उसके बाद से अब तक सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, जिस कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में तो हालात और भी बिगड़ जाते हैं। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और कीचड़ जमा होने से आए दिन हादसे हो रहे हैं।*

### नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई तय : एसपी

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा है कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा यातायात नियमों की सख्ती से पालना करवाने के उद्देश्य से लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जन सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने रविवार को बताया कि एक माह में पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करकने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि जिन वाहनों पर गलत/बिना नंबर प्लेट लगी हुई थी या वाहनों पर अवैध ब्लैक फिल्म चढ़ाई गई थी, उनके चालान किए गए। इससे यातायात अनुशासन व सुरक्षा को सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इस दौरान ऐसे 337 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। 121 चालकों के चालान कर उनके मोटरसाइकिल जब्त किए।


# मां के जागरण में श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी

- मां वैष्णो सेवा समिति की ओर से पटेल नगर में विशाल भगवती जागरण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पटेल नगर मेन मार्केट ग्राउंड में 16वां मां भगवती का विशाल जागरण हर्षोल्लास के साथ किया गया। मां वैष्णो सेवा समिति की ओर से आयोजित जागरण में मां के भक्तों ने बढचढ कर हाजिरी लगाई।

माता का विशाल दरबार सजाया गया और झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा, जगदीश जिंदल, विधायक नलवा रणधीर पनिहार थे और अध्यक्षता मेयर प्रवीण पोपली ने की। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व उपराष्ट्रपति कृष्णकांत के पौत्र विराटकांत, पार्षद राजेन्द्र बिडलान, राजेश अरोड़ा, पूर्व पार्षद डॉ. महेंद्र जुनेजा मौजूद रहे। मंच का संचालन सुदर्शन मुखीजा ने किया। महामाई का ध्वज दुर्गा मंदिर मढ़ी से चलकर जागरण स्थल पर स्थापित किया गया। मां ज्वाला जी से अखण्ड ज्योत लाई गई। पं. ओमप्रकाश शर्मा ने पूजा अर्चना करवाई और इसके उपरांत जागरण में भजन गायको ने समां बांधा। विख्यात गायक जॉनी सुफी ने भजनों से समां बांध दिया।



हिसार। जागरण में माता के भजनों पर झूमते भक्त।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर दिल्ली से सुशील चावला, फतेहाबाद से अंकिता माल्या, श्रद्धा जागरण से रिंकू खुराना ने माता के भजनों पर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान समिति के प्रधान हरीश छाबड़ा, संचित सिंधवानी, सुरेश कुमार, विजय कक्कड़, कंवल जीत तनेजा, संजय झांब, अनिल सिंधवानी, पंकज महतानी, अमित मेहता, अमित खनेजा, श्याम सुंदर मधु, विक्की नारंग, उत्तम सिंह, राजकुमार चराया, अतुल कुमार, अश्विनी चुघ, कुलभूषण एलावादी, नवीन दाल मिल वाला, जितेंद्र, हितेष, मोंटी, बसंत छाबड़ा के अलावा समिति के पदाधिकारी व अनेक लोगों ने शिरकत की। पांच जरूरतमंद कन्याओं का विवाह करवाया गया।

### सभी को न्याय दिलवाना रहेगी प्राथमिकता : डॉ. मिश्रा



**हांसी।** राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण के चेयरमैन डॉ आरसी मिश्रा ने कहा कि हांसी मेरा अपना शहर है और वह यहां के लोगों के साथ बैठकर उनकी समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके पास सीमित मामलों की शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी की सभी को न्याय मिले। चेयरमैन डॉ. मिश्रा रविवार को विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। चेयरमैन ने कहा कि अगर कोई पुलिस अधिकारी भ्रष्टाचार या किसी भी मामले में कार्रवाई नहीं करता तो इस प्रकार की शिकायत भी दर्ज की जाएगी। उनकी सभी शिकायतों का निपटारा भी किया जाएगा। इस दौरान भगवान परशुराम सेवा समिति के अध्यक्ष जगमोहन शर्मा ने उनको पटका पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर शहर थाना प्रभारी सदानंद वत्स, नरेंद्र शर्मा, पवन शर्मा, शिवम शर्मा, अनिल चावला, कपूर सिंह पुनिया आदि मौजूद थे।

### पीड़ित परिवार को चेयरमैन ने सौंपा 4 लाख की सहायता राशि का चेक



**नारनौंद।** क्षेत्र के गांव कोथ कला में एक सितंबर की रात को बारिश से हुए हादसे में महिला रहीशा की मौत और उसके पति आसीन, दो बेटियां के गंभीर होने के मामले में जिला परिषद के चेयरमैन सोनू डाटा ने मुख्यमंत्री राहत कोष से पीड़ित परिवार को 4 रुपये लाख की आर्थिक मदद प्रदान की। इस मौके पर चेयरमैन ने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। इस अवसर पर बाराह खाप के प्रधान रतन मिलकपुर, खेड़ी चौपटा मंडल अध्यक्ष महाबीर श्योराण, शमशेर नाड़ा, आनंद कोथ, नायब तहसीलदार कृष्ण और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पीयूष बने जय भारत मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष

- वरिष्ठ प्रचारक डॉ. इंद्रेश के संरक्षण में जय भारत मंच गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जय भारत मंच की हरियाणा प्रान्त की प्रथम बैठक एबीवीपी कार्यालय में आयोजित हुई। इस मंच का गठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ. इंद्रेश कुमार के संरक्षण में किया गया।

बैठक की अध्यक्षता मंच के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश प्रभारी नरेंद्र शर्मा ने की। इस दौरान संगठनात्मक घोषणाए करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने बताया कि पीयूष महता, ऊषा शर्मा, संदीप कंसाला को प्रांत उपाध्यक्ष, हिसार से भारत भूषणशर्मा को प्रांत महामंत्री, संतोष शर्मा कोकिला को प्रांत मीडिया सहप्रभारी, अरविंद कुमार को प्रांत मंत्री का दायित्व सौंपा गया। बैठक में जय भारत मंच की एक पुकार, सेवा, शिक्षा और संस्कार को आगे बढ़ाने और व्यवहार में लाने पर बल दिया गया। 2 अक्टूबर को संयुक्त यात्रा तथा दशहरे की शोभायात्रा में पुष्प वर्षा का निर्णरू लिया गया।



हिसार। बैठक में उपस्थित मंच के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, प्रांत उपाध्यक्ष पीयूष महता व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### हकृवि में मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण दिया



**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न 6 राज्यों के 86 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक के प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली तथा हरियाणा के विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का समन्वय डॉ. सतीश कुमार महता ने किया। संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. संदीप भाकर ने हरियाणा सरकार के बागवानी विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को दिए जाने वाले अनुदान के बारे में जानकारी दी। प्रतिभागियों को डॉ. राकेश कुमार चुघ, डॉ. जगदीप सिंह, डॉ. विकास कांबोज, डॉ. सरोज यादव, डॉ. पवित्रा, डॉ. डीके शर्मा, डॉ. भूपेन्द्र सिंह, तथा डॉ. विकाश हुड्डा ने विभिन्न विषयों के बारे में अपने-अपने व्याख्यान दिए।

# समन्वयकों को प्रमाण पत्र वितरित

- गुजवि उद्भावना क्लब की प्रशिक्षण कार्यशाला 'स्किलस्टॉर्म क्यूब' सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के अंतर्गत उद्भावना क्लब की तीन दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यशाला 'स्किलस्टॉर्म क्यूब' पीडीयूसीआईसी में सम्पन्न में हुई। इस कार्यक्रम में तीन विशिष्ट व्यावहारिक प्रशिक्षण ट्रैक-एडवांस्ड एक्सेल, कैनवा के साथ डिजिटल मार्केटिंग और एसक्यूएल-को तीन समानांतर बैचों में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण आईईसीएस, हिसार के विशेषज्ञ रजत नागपाल और रमेश सोनी के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यशाला का समापन समारोह ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सेमिनार हॉल में हुआ। इसमें मुख्य अतिथि प्रो. ओपी सांगवान (अध्यक्ष, सीएसई विभाग), विशिष्ट अतिथि डॉ. मणिश्रेष्ठ (एचएसबी) तथा विशेष अतिथि पीयूष जैन (हेड, आईईसीएस) उपस्थित रहे। प्रो. ओपी सांगवान ने वर्तमान की डेटा-आधारित दुनिया में डाटाबेस प्रबंधन ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला।



हिसार। कार्यशाला में समन्वयकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### महापुरुष जीवों के कष्टों का करते हैं निवारण : कृष्णानंद

**हिसार।** सतगुरु बंदी छोड़ दीप्तानंद महाराज, सतगुरु बंदी छोड़ भोपतराम महाराज, सतगुरु बंदी छोड़ हरिहरानंद महाराज की कृपा से सतगुरु स्वामी कृष्णानंद महाराज के सान्निध्य में गांव खैरी में संत शोभा यात्रा, सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम भगत जोगिंद्र सिंह के शब्द साधना, तप व मौनव्रत के शुभारंभ पर किया गया। भक्त जोगिंद्र सिंह का सतगुरु बंदी छोड़ के प्रति श्रद्धा, समर्पण और पूर्ण विश्वास को देखते हुए स्वामी कृष्णानंद महाराज ने प्रभु भक्ति के लिए उनका मार्ग प्रशस्त किया। इस अवसर पर संतों को भजन कीर्तन के साथ ढोल बजाकर आश्रम तक लाया गया।

# एसडी मॉडर्न स्कूल की प्राचार्या को राष्ट्रीय सनातन सेना भारत ने किया सम्मानित

- गुरु वंदन सम्मान समारोह, का पानीपत में किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

राष्ट्रीय सनातन सेना भारत द्वारा गुरु वंदन सम्मान समारोह, 2025 का आयोजन पानीपत में किया गया।

समारोह में एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल की प्राचार्या ऋतु सिंह को उनके शिक्षा समाज तथा राष्ट्र के विकास के लिए उनके अविचल समर्पण, अमूल्य निष्ठा एवं आदर्श सेवाओं, मां सरस्वती की अखंड साधना व विद्या अनुराग के लिए आदर्श शिक्षक गुरु के गरिमाशाली सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनकी मेहनत, लगन और छात्रों के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। प्राचार्या ऋतू सिंह ने अपने शिक्षण करियर में कई छात्रों को सफलता की राह पर ले जाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




हांसी। एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल की प्राचार्या ऋतू सिंह को सम्मानित करते राष्ट्रीय सनातन सेना भारत के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

# सीबीएसई क्लस्टर में आरपीएस ने अंडर 14 व 19 वर्ग में वालीबॉल में जीते सिल्वर मेडल

- आरपीएस की दोनों वालीबॉल टीमों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय ने एकबार फिर अपनी खेल प्रतिभा से जिले का मान बढ़ाया है। हाल ही में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-14 और अंडर-19 (आयु वर्ग) की टीमों ने सोनीपत में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दोनों ही वर्गों की टीमों ने प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट तालमेल, संघर्षशीलता और खेल भावना का परिचय दिया। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव और प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को बधाई दी। जबकि सीबीएसई के ज्वाइंट सेक्रेट्री विजय सिंह यादव ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि इस उपलब्धि से विद्यालय के अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और आने वाले समय में आरपीएस विद्यालय खेलों के क्षेत्र में और भी ऊंचाइयां हासिल करेगा।



गुजवि व जियो गीता रिसर्च इंस्टीट्यूट कुरुक्षेत्र में एमओयू

# शिक्षा व अध्यात्म के क्षेत्र में मिलकर करेंगे काम : प्रो. बिश्नोई

- दोनों संस्थान भगवद गीता पर शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं जियो गीता रिसर्च इंस्टीट्यूट, गीता ज्ञान संस्थानम, कुरूक्षेत्र (जियो गीता) शिक्षा तथा अध्यात्म के क्षेत्र में मिलकर कार्य करेंगे। इस संबंध में दोनों संस्थानों ने एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। गुजवि की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई और जियो गीता की ओर से अध्यक्ष डा. तरूण ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। गुजवि के कुलसचिव डा. विजय कुमार, डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. नमिता सिंह, गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान के अध्यक्ष प्रो. किशना राम तथा सहायक प्रो. डॉ. रामसरुप ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए। धार्मिक अध्ययन संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एनके बिश्नोई भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। दोनों संस्थान भगवद गीता पर शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू करेंगे।



**शोधार्थियों व शिक्षकों के लिए लाभदायक**

*कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि यह एमओयू विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों के लिए लाभदायक होगा। इस एमओयू के माध्यम से गुजविप्रौवि तथा जियो गीता के बीच सहयोग युवा विकास गतिविधियों के क्षेत्र में केंद्रित होगा।*